दिन– शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 21 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. बिहार में चार सौ सत्ताईस कंपनियां एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये का निवेश करेंगी। पटना में आयोजित निवेशक सम्मेलन में समझौता ज्ञापन पर किये गए हस्ताक्षर।

02. राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केंद्र से एक लाख पचास हजार करोड़ रूपये से अधिक बजट की मांग की।

03. प्रदेश में नक्सल गतिविधियों में आई कमी। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या दस से घटकर आठ हुई।

04. और, बीएसएनएल ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए फोर–जी योजना के तहत बिहार में दो हजार मोबाईल टावर साईट को ऑन एयर किया।

———————————————————————————

प्रदेश में विभिन्न औद्योगिक कंपनियां रिकॉर्ड एक लाख अस्सी हजार करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के अंतिम दिन कल चार सौ सत्ताईस कंपनियों और राज्य सरकार के बीच इस आशय के समझौता पत्र पर हस्ताक्षर हुए। उद्योग विभाग की सचिव बंदना प्रेयसी ने बताया कि पिछले निवेशक सम्मेलन से इस बार साढ़े तीन गुना से अधिक निवेश का करार हुआ है।

———बाईट———

श्रीमती प्रेयसी ने बताया कि मुख्य रूप से नवीकरणीय ऊर्जा, खाद्य प्रसंस्करण, विनिर्माण, स्वास्थ्य, सूचना प्रौद्योगिकी, परिवहन और वस्त्र उद्योग क्षेत्र में निवेश होगा।

———बाईट———

समिट में मुख्यमंत्री का संदेश लेकर पहुंचे ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि राज्य सरकार बिहार में निवेश के अनुकूल माहौल बनाने के लिए लगातार काम कर रही है।

———बाईट———

उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये का निवेश बिहार के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि बिहार में देश का प्रमुख वृद्धि इंजन बनने की क्षमता है।

———बाईट———

हमारी संवाददाता ने बताया कि कल हुए समझौते से विभिन्न क्षेत्रों में राज्य में रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। कंपनियों ने तेजी से बढ़ रहे गैर पारंपरिक ऊर्जा क्षेत्र में सबसे अधिक अभिरूचि दिखाई है।

———रिपोर्ट———

सबसे अधिक सत्रह कंपनियों ने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश को लेकर रूचि दिखाई है। इस क्षेत्र में सत्रह कंपनियों ने नब्बे हजार सात सौ चौंतीस करोड़ रुपये से अधिक के निवेश का करार किया है। इसमें एनटीपीसी ग्रीन की ओर से दस हजार करोड़ का सोलर प्लांट और अशोका बिल्डकॉन की ओर से नौ हजार करोड़ की ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना शामिल है। अदाणी समूह सत्ताईस हजार नौ सौ करोड़ रूपये का निवेश करेगा। वहीं, सन पेट्रोकेमिकल्स की ओर से पंप हाइड्रो, सोलर प्लांट सहित अक्षय ऊर्जा में छत्तीस हजार सात सौ करोड़ रूपये का निवेश होगा। इसके अलावा विनिर्माण क्षेत्र में सत्तावन कंपनियों ने पचपन हजार आठ सौ अट्ठासी करोड़ रूपये के निवेश के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं। इसके बाद सबसे अधिक निवेश खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में होगा। सत्तर कंपनियों ने इस क्षेत्र में तेरह हजार छह सौ तिरेसठ करोड़ रूपये के निवेश का करार किया है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से डॉ. सविता पारीक।

————————————————————————————

बिहार ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केंद्र सरकार से एक लाख पचास हजार करोड़ रूपये से अधिक बजट की मांग की है। उपमुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने जैसलमेर में वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन की अध्यक्षता में आयोजित वित्त मंत्रियों की बजट पूर्व परामर्श बैठक में इस राशि की मांग की। इसमें ग्रामीण पथों के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम संड़क योजना फाईव प्वाइंट–ओ शुरू करने के लिए पच्चीस हजार करोड़ रूपये की मांग की गयी है। साथ ही इस राशि को ब्याज मुक्त करने का भी आग्रह किया गया है।

————————————————————————————

इधर, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन आज जैसलमेर में वस्तु और सेवा कर –जीएसटी परिषद की पचपनवीं बैठक की अध्यक्षता करेंगी। इस बैठक में वित्त मंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद रहेंगे। इसमें जीएसटी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी।

————————————————————————————

बिहार में नक्सल गतिविधियों में कमी आई है। गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ने बताया कि राज्य में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या दस से घटकर आठ रह गई है। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि गया,

औरंगाबाद, नवादा, रोहतास, कैमूर, जमुई, मुंगेर और लखीसराय जिले ही अब वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित हैं।

———बाइट———

———————————————————————————

राज्य सरकार ने कहा है कि विभिन्न आपराधिक मामलों में स्पीडी ट्रायल कराकर दोषियों को सजा दिलाई जाएगी। गृह विभाग के मुख्य सचिव अरविंद चौधरी ने कहा कि इसके लिए सभी जिलों में मौजूद स्पीडी ट्रायल सेल को सक्रिय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यदि अब कोई भी सरकारी गवाह मुकरता है, तो उसके खिलाफ निलंबन से लेकर बर्खास्तगी तक की कार्रवाई होगी। श्री चौधरी ने बताया कि राज्य में सत्रह लाख सत्तावन हजार कांड अभियोजन स्वीकृति के लिए लंबित हैं।

———————————————————————————

सरकारी दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी बीएसएनएल ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए फोर–जी योजना के तहत बिहार में दो हजार मोबाईल टावर साईट को ऑन एयर कर दिया है। बिहार दूरसंचार परिमंडल के प्रधान महाप्रबंधक शंकर प्रसाद ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो सौ से अधिक गांव जो अबतक मोबाईल नेटवर्क के दायरे में नहीं थे, वहां भी फोर–जी मोबाईल सेवा चालू कर दी गयी है।

———————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय में तेईस जनवरी से दो दिसम्बर तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। हाईकोर्ट अब अगले वर्ष तीन जनवरी को खुलेगा।

———————————————————————————

एनडीए आगामी बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। कल पटना में एनडीए के घटक दलों के प्रदेश अध्यक्षों की एक बैठक हुई। बैठक के बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि सभी घटक दल नीतीश कुमार के नेतृत्व में मिशन दो हजार पच्चीस और लक्ष्य दो सौ पच्चीस की सफलता को लेकर काम करेंगे।

———बाईट———

जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने कहा कि आगामी बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल साझा कार्यक्रम चलायेंगे।

---बाईट---

बैठक में लोक जनशक्ति पार्टी, रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी, हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार और राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से सुभाष चंद्रवंशी शामिल हुए।

---

राजगीर के स्टेट गेस्ट हाउस मैदान में आज से तीन दिवसीय राजगीर महोत्सव की शुरूआत हो रही है। महोत्सव का उद्‌घाटन ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार करेंगे। महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।

---

प्रदेश के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी हुयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर पड़ने के कारण मौसम अभी भी सामान्य बना हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राजधानी पटना समेत बीस जिलों के तापमान में आंशिक गिरावट दर्ज की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले पांच दिनों तक मौसम के रूख में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। इसके बाद ठंड में बढ़ोतरी हो सकती है।

---

गोपालगंज के मिंज स्टेडियम मे अट्‌ठाईस से तीस दिसम्बर तक खेलो इंडिया वीमेन्स खो–खो लीग का आयोजन किया जाएगा। अंडर फोर्टिन और अंडर–एटीन आयु वर्ग के लिए आयोजित इस प्रतियोगिता में देशभर की चार सौ तीस महिला खिलाड़ी भाग लेंगी।

चौदहवीं हॉकी बिहार सब जूनियर महिला राज्य चैंपियनशिप के दूसरे दिन कल पटना, सीवान, किशनगंज और बेगूसराय जिले की टीम ने अपने–अपने मुकाबले जीत लिये।

---

पटना के बाईपास थाना क्षेत्र के छोटी पहाड़ी के पास पुलिस ने छापेमारी कर एक कंटेनर से बीस लाख रूपये मूल्य की तीन सौ इकतीस कार्टन शराब बरामद की है। मौके से चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

———————————————————————————

सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र में अगवानपुर कृषि फार्म के पास एक ऑटो रिक्शा के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा जाने के कारण एक दंपति की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

———————————————————————————

समस्तीपुर जिले के सिंघिया– हिरणी–कुशेश्वर स्थान मुख्य पथ पर पिपरा पेट्रोल पंप के पास एक अनियंत्रित ट्रक ने भेड़ों के झुंड को कुचल दिया। इस हादसे से में सौ से अधिक भेड़ों की मौत हो गयी। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने पटना में आयोजित निवेशक सम्मेलन से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है – बिहार में एक लाख अस्सी हजार करोड़ रुपए का रिकॉर्ड निवेश होगा।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुए लिखा है – राज्य में निवेश के लिए चार सौ सत्ताईस कंपनियों ने एमओयू पर किए हस्ताक्षर।

प्रभात खबर की सुर्खी है – पुलिसकर्मी गवाही से मुकरे तो होंगे बर्खास्त।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – संग्राम के बीच शीतकालीन सत्र समाप्त, एक देश एक चुनाव के दो बिल जेपीसी को भेजे गए।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं – हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला नहीं रहे।

आज अखबार लिखता है –सक्षमता परीक्षा के दूसरे चरण के लिए तीस दिसंबर से शुरू होगी काउंसलिंग।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. बिहार में चार सौ सत्ताईस कंपनियां एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये का निवेश करेंगी। पटना में आयोजित निवेशक सम्मेलन में समझौता ज्ञापन पर किये गए हस्ताक्षर।

02. राज्य सरकार ने वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए केंद्र से एक लाख पचास हजार करोड़ रूपये से अधिक बजट की मांग की।

03. प्रदेश में नक्सल गतिविधियों में आई कमी। नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या दस से घटकर आठ हुई।

04. और, बीएसएनएल ने बेहतर कनेक्टिविटी के लिए फोर–जी योजना के तहत बिहार में दो हजार मोबाईल टावर साईट को ऑन एयर किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।